Sl. No.	Name of Districts	Amount Released / Allocated		
		1993-94	1994-95	1995-96
		Amount released	Amount released	Amount allocated
12.	Kamrup	503.77	494.65	491.81
13.	Karimganj	295.86	263.76	288.15
14.	K. Anglong	326.71	416.33	541.69
15.	Kokrajhar	575.19	496.70	624.58
16.	Lakhimpur	326.81	312.98	386.11
17.	Marigaon	169.78	272.19	325.33
18.	Nalbari	396.34	396.52	470.69
19.	N.C. Hills	153.33	182.11	229.77
20.	Nagaon	312.83	525.56	430.15
21.	Sibsagar	216.89	187.71	174.45
22.	Sonitpur	329.07	364.03	435.36
23.	Tinsukia	192.06	170.98	175.33
	Total	6924.58	7425.55	8273.61

लू लगने से हुई मौतें

2415. **श्री राघवजी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1995 में अत्याधिक गर्मी के कारण हुई मौतों की संख्या पूर्व वर्षो की तुलना में बढ़ गई है और पिछले तीन वर्षो के दौरान लू लगने से हुई मौतों का तुलनात्मक ब्यौरा क्या है, और

(ख) इस वर्ष ऐसी मौतों में वृद्धि होने के क्या कारण थे, क्या इतनी अधिक गर्मी पडने के संबंध में पूर्वानुमान लगाया गया था, यदि हां, तो सरकार द्वारा इसका मुकाबला करने के लिए क्या तैयारियां की गई थी, यदि इसका पूर्वानुमान नहीं लगाया गया था, तो इसके क्या कारण थे?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विभागों तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) और (ख) प्रेस रिपोर्टो के अनुसार, 1993, 1994, 1995 में लू लगने से क्रमश: 42 एवं 371 और 452 मौतें हुई । गर्मी के महीनों में अनियमित वायुमण्डलीय प्रवाह पैटर्न की वजह से अत्याधिक लू चली जो इस मौतों की जिम्मेदार है । भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा गर्म लू की सूचना 24 से 48 घंटे पहले दे दी गई थी । स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों में, लोगों के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न आपात स्थितियो में, जिनमें लू लगने से उत्पन्न होने वाली स्थितियां शामिल है, क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए बताए जाते हैं ।

प्राचीन चिकित्सा पद्धति

2416. **श्री राम जेठमलानी** :

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री 16 मार्च, 1995 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 61 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी और अन्य प्राचीन चिकित्सा पद्धति के अनुसंधान संवर्धन और विकास हेतु सरकार द्वारा क्या भावी योजनाएं निरूपित की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (डा. सी. सिल्वेरा) : सरकार ने भारतीय चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी का एक अलग से विभाग स्थापित करने की हाल ही में घोषधा की है । इस विभाग को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य भारतीय